समाचार

निगम प्रशासक व कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने साकेत भवन में फहराया तिरंगा

(निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय सहित निगम के सभी अधिकारी कर्मचारीगण रहे उपस्थित)

कोरबा 27 जनवरी 2025 – नगर पालिक निगम कोरबा के प्रशासक व कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रध्वज फहराया। उन्होने निगम के सभी अधिकारी कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा कहा कि सभी अधिकारी कर्मचारी अपने शासकीय

दायित्वों का पूरी तत्परता के साथ निर्वहन करते हुए देश व प्रदेश की प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। उन्होने कहा कि सभी अधिकारी कर्मचारी टीम भावना के साथ कार्य करें तथा सौपे गए दायित्वों को निष्ठा के साथ पूरा करें। इस मौके पर नगर निगम कोरबा के आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने गणतंत्र दिवस की अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी अधिकारी कर्मचारियों का आव्हान किया कि वे पूर्ण निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, नियमानुसार कार्यो का संपादन करते हुए आमजन को सभी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु तत्पर रहें। इस अवसर पर अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता एम.के.वर्मा, उपायुक्त बी. पी.त्रिवेदी एवं पवन वर्मा, जोन कमिश्नर ए.के.शर्मा, अखिलेश शुक्ला, एन.के.नाथ, विनोद शांडिल्य, अजीत तिग्गा, तपन तिवारी, प्रकाश चन्द्रा, भूषण उरांव, राकेश मसीह, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, लेखाधिकारी अशोक देशमुख, निगम के सेवानिवृत्त अधिकारीगण एम.एन.सरकार, व्ही.के.सारस्वत, एन.पी.देवांगन, गिरीश साहू, डी.एस. बैस, डी.एल. राठौर, डॉ.शिरीन लाखे, नासिर सईद, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, आनंद राठौर, विपिन मिश्रा, राहुल मिश्रा, रामेश्वर कंवर, अरूण मिश्रा, आनंद दुबे, हेमंत गभेल, अरविंद वानखेड़े, उत्तम साहू, प्रदीप सिकदर, आकाश अग्रवाल, विनोद गोंड़, सुनील टांडे, मनोज श्रीवास आदि के साथ निगम के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

उत्कृष्ट कार्यो हेतु कर्मचारी हुए पुरस्कृत – निगम प्रशासक व कलेक्टर श्री अजीत वसंत तथा निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले निगम के कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र व स्मृतिचिन्ह प्रदान कर उन्हें पुरस्कृत किया। उन्होने उद्यान अधीक्षक आनंद राठौर, सहायक अभियंता सुनील टांडे, प्रभारी कार्यालय अधीक्षक अरविंद वानखेड़े, उप अभियंता अश्वनी दास व अंजुलता तिग्गा, सहायक ग्रेड–2 अरूण मिश्रा व हेमंत गभेल, तकनीकी सहायक मनीष दुबे, राजस्व उप निरीक्षक प्रिंस कुमार सिंह व उत्तम राठौर, कम्प्युटर आपरेटर जीवनलाल कर्ष व सुरेन्द्र यादव, हैंण्ड पम्प मेकेनिक मानसिंह कंवर, हेल्पर मजदूर सुरेश निषाद, इलेक्ट्रीशियन प्रकाश उरांव, हे.म. जनीराम पटेल, वाहन चालक रवि खुंटे, सफाई कर्मी सालमन व स्वच्छता पर्यवेक्षक संतोष बरेठ आदि को पुरस्कृत किया।